# महोबा पुलिस



## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।





पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक **29.09.2023** को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व/निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा में दंगा नियत्रंण/बलवा ड्रिल का किया गया पूर्वाभ्यास, दिये गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-





आज दिनांक 29.09.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के नेतृत्व/निर्देशन में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु में रिजर्व पुलिस लाइन महोबा अवस्थित परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया तदोपरान्त जनपदीय पुलिस बल को ब्रीफ करते हुये बताया कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा आगामी त्यौहारों की ड्यूटी के दौरान यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल करते हुये स्थिति को किस प्रकार से सामान्य किया जा सके आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा कर उनको चेक करते हुए अल्प समय में इन उपकरणों से सुसज्जित होकर दंगा नियन्त्रण करने का अभ्यास कराया गया।

अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़ को तितर बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

बलवा ड्रिल रिहर्सल के दौरान 09 पार्टियों क्रमशः 1. LIU पार्टी 2. सिविल पुलिस 3. फायर सर्विस 4. अश्रु गैस 5. लाठी पार्टी 6. फायर पार्टी 7. फर्स्ट एड 8. फ़ोटो एवं वीडियो ग्राफी एवं 09 "रिज़र्व पार्टी का गठन कर रिहर्सल कराया गया। दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास कराया गया।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये आवश्यक निर्देश-




जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 29.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 29.09.2023**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण, शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए लगवाई दौड़, पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, भोजनालय का निरीक्षण कर पुलिस जवानों के खाने की गुणवत्ता को परखा, आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 29.09.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए उपस्थित पुलिस बल की टोलीवार ड्रिल करवाई गयी एवं शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गयी। तदोपरान्त उपस्थित पुलिस बल का शस्त्र परीक्षण/शस्त्राभ्यास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित विभिन्न शाखाओं यथा- परिवहन शाखा, शास्त्रागार, क्वार्टर गार्द, बन्दी वाहन इत्यादि का निरीक्षण कर पुलिस वाहनों/शस्त्रों के रख-रखाव के विषय में पूछताछ करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा नियुक्त पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं के विषय में प्रश्नोत्तर किए गए, यू०पी० 112 में नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद प्रदान किये जाने का प्रयास करें।

पुलिस भोजनालय का निरीक्षण किया गया एवं स्वयं भोजन ग्रहण कर पुलिस कर्मियों के भोजन की गुणवत्ता को भी परखा गया। बैरिकों/बाथरुम का निरीक्षण कर साफ-सफाई के स्तर को और अधिक बेहतर बनाये जाने के लिये निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक अर्दली रुम किया गया जिसमें सभी गार्द कमांडरों के साथ पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं/गार्दो के रजिस्टरों/अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही किये जाने वाले सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम कर उनको सख्त हिदायत दी गयी तथा ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## साइबर अपराध से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल पर "ऑपरेशन ज्ञान कवच" अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल की पुलिस टीम ने थाना चरखारी महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "ग्राम-स्वासामाफ" में जागरुकता चौपाल लगाकर साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, वितरित किये जागरुकता पम्फ्लेट्स-

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल पुलिस टीम क्रमशः हे.कां. भूपेन्द्र सिंह, कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कां. सत्यम सिंह व कां. सुरजीत कुमार द्वारा थाना चरखारी महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "ग्राम - स्वासामाफ" में जाकर **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के अन्तर्गत साइबर जगरुकता चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं सभी को साइबर जागरुकता पम्पलेट्स वितरित की गई। साइबर सेल पुलिस टीम ने **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के तहत साइबर अपराध से बचाव के तरीके में बताया कि किस तरीके से साइबर ठग सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आधार वैरिफिकेशन के नाम पर ठगी, किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड/यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी/ईनाम, शॉपिंग ऐप्स, गूगल सर्च में थोडी सी चूक पर गलत वेबसाइट में क्लिक हो जाने, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भेजे गये लिंक के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं में आजकल ट्रैंडिंग में चल रहे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट,शेयरचैट व व्हाट्सएप से संबंधित होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी इनके बचाव के तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व पास-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध के तरीकों व इनसे बचाव के तरीकों के संबंध में जागरूक करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बढ रहे साइबर अपराध से बचाया जा सके।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.09.2023 को श्री शशि कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित की गयी उ0नि0 रमेश कुमार यादव व का0 मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त 1.आकाश पुत्र हरीप्रकाश श्रीवास निवासी ग्राम जखा थाना पनवाडी जिला महोबा उम्र करीब 25 वर्ष को थाना क्षेत्र के बुडेरा तिराहा के पास से हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी में मु0अ0सं0 168/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करके अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:–**

1. उ0नि0 रमेश कुमार यादव थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
2. का0 मनोज कुमार थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

**बरामदगी:-** 01 अदद तमंचा देशी व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ।

**गिरफ्तार अभियुक्त:-**

आकाश पुत्र हरीप्रकाश श्रीवास उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम जखा थाना पनवाडी जिला महोबा।



महोबा पुलिस